
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.10.2020 | 01 | 02-04 |

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का मुख्यमंत्री आज करेंगे शुभारंभ

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का शुभारंभ मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे।



सीएम मनोहर लाल।

इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि मेले का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे, जबकि स्थानीय विधायक डॉ. कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं। सह-निदेशक डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले की मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1:30 बजे से 3 बजे तक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.10.2020 | 04 | 01-02 |

# वर्चुअल कृषि मेला आज से 25 हजार किसान जुड़ेंगे

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को दो दिवसीय वर्चुअल कृषि मेला आयोजित होगा। इसमें शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल तो विशिष्ट अतिथि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में ऑनलाइन किसानों को वेबिनार के जरिए कृषि व पशुपालन क्षेत्र की विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी। दो दिन के कृषि मेला के बाद समापन कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि व विधायक डा. कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।

एचएयू प्रशासन का कहना है कि कृषि मेला के लिए 25 हजार लोग आवेदन करा चुके हैं। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 बजे तो 14 अक्टूबर को दोहपर 2 से 3 बजे तक मेले का समापन कार्यक्रम आयोजित होगा।

### कार्यक्रम का यह है शेड्यूल

**आज के कार्यक्रम**

- फसल अवशेष प्रबंधन पर वेबिनार- दोपहर 1:30 बजे से 3 बजे - डा. राजबीर गर्ग, डा. विजय रानी व डा. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे
- पशुओं में बांझपन की समस्या- दोपहर 3 से 4 बजे तक- डा. एके पाण्डेय व टीम
- किसानों के साथ सवाल- जवाब- सांय 4 से 5 बजे तक- डा. सुनील ढांडा व डा. एचएस सहारन किसानों से रूबरू होंगे

**कल के कार्यक्रम**

- धान की सीधी बिजाई पर वेबिनार- प्रात: 10 बजे से 11:30 बजे तक - डा. एसएस पूनिया व टीम
- दुधारू पशुओं में थनैला रोग पर वेबिनार- दोहपर 12:30 बजे- लुवास से डा. राजेश छाबड़ा व टीम
- रबी की फसलों में उत्पादन बढ़ाने के तरीकों पर वेबिनार- दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक- डा. एके छाबड़ा व टीम।

कृषि मेला में अभी तक 25 हजार किसान अपना पंजीकरण करा चुके हैं। दो दिनों में विभिन्न राज्यों के हजारों किसानों के जुड़ने की उम्मीद है।

**डा. आरएस हुड्डा**, विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेला आयोजक



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13.10.2020 | 02 | 03-06 |

# एच.ए.यू. के वर्चुअल कृषि मेले का आज ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**■ मेले की थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' पर होगा पहले दिन वैबिनार**

हिसार, 12 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे।

उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुड़ेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक(किसान परामर्श केंद्र) डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1.30 से 3 बजे तक वैबिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसान ऑनलाइन रूप से जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वैबिनार होगा।



*जानकारी देते विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा।*

मेले के दूसरे दिन प्रात: 10 से 11.30 बजे तक धान की सीधी बिजाई को लेकर वैबिनार होगा, जिसमें डॉ. एस.एस. पूनिया व उनकी टीम मुख्य रूप से विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दोहपर 12 बजकर 30 मिनट तक पशुओं दुधारू पशुओं में थनैला रोग की रोकथाम व उपचार विषय पर वैबिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. राजेश छाबड़ा व उनकी टीम अपने व्याख्यान देंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.10.2020 | 03 | 01-02 |

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का सीएम करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। वेबसाइट पर अब तक 25 हजार से अधिक किसान रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। विवि प्रशासन ने मेले की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

प्रेस वार्ता में एचएयू के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक (किसान परामर्श केंद्र) डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक वेबिनार होगा। इसमें किसान ऑनलाइन जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वेबिनार होगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. ए.के. पाण्डेय व उनकी टीम व्याख्यान देगी और सायंकाल 4 से 5 बजे तक किसानों के साथ सवाल-जवाब का कार्यक्रम होगा। इस दौरान डॉ. सुनील ढांडा व डॉ. एच.एस. सहारन किसानों से रूबरू होंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.10.2020 | 04 | 06 |

# एचएयू में शुरू होगा 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण कार्य

भास्कर न्यूज़ | हिसार

बिजली के ओवरलोड को देखते हुए नगर निगम एचएयू में 33 केवी सब स्टेशन बनाएगा। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। बिजली निगम ने सब स्टेशन के लिए पंचकूला मुख्यालय प्रपोजल भेजा था। जिंसे मुख्यालय से मंजूरी मिली है। एक्सईएन सतीश कुमार ने बताया कि सब स्टेशन के निर्माण को लेकर एचएयू ने गेट नंबर तीन के पास करीब डेढ़ से दो एकड़ जमीन दी है। इसकी कमेटी द्वारा जांच होनी बाकी है। वहीं उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में बनने वाले 33 केवी सब स्टेशन को आर्य नगर स्थित 132 केवी बिजली घर से जोड़ा जाएगा। सब स्टेशन के निर्माण में करीब तीन करोड़ रुपए की लागत आएगी।

डिविजन वन के एक्सईएन सतीश कुमार ने बताया कि एचएयू में 33 केवी सब स्टेशन प्रपोजल को मुख्यालय से मंजूरी मिल चुकी है। इस सब स्टेशन के शुरू होने के बाद राजगढ़ रोड स्थित सब स्टेशन के साथ साथ मधुबन फीडर, मलिक चौक फीडर, चंदन नगर फीडर व यूनिवर्सिटी के फीडरों पर लोड कम हो जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिसार टूडे | **12.10.2020** | -- | -- |

## हिसार-आसपास

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का आज ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

### उद्घाटन समारोह दोपहर 12 बजे, मेले के थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' पर होगा पहले दिन वेबिनार

टुडे न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे।



डॉ. आर. एस. हुड्डा

यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक श्री कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुडेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

### पहले दिन मेले के थीम पर होगा वेबिनार

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक(किसान परामर्श केंद्र)डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इस वेबिनार में किसान ऑनलाइन रूप से जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वेबिनार होगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. ए.के. पाण्डेय व उनकी टीम व्याख्यान देगी और सांयकाल 4 से 5 बजे तक किसानों के साथ सवाल-जवाब का कार्यक्रम होगा। इस दौरान डॉ. सुनील ढांडा व डॉ. एच.एस. सहारन किसानों से रूबरू होंगे। साथ ही किसानों के सवालों के जवाब देने के लिए वैज्ञानिकों का एक पैनल भी मौजूद रहेगा।

### दूसरे दिन ये होंगे कार्यक्रम

मेले के दूसरे दिन प्रातः 10 बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक धान की सीधी बिजाई को लेकर वेबिनार होगा जिसमें डॉ.एस.एस.पूनिया व उनकी टीम मुख्य रूप से विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दोहपर 12 बजकर 30 मिनट तक पशुओं दुधारू पशुओं मे थनेला रोग की रोकथाम व उपचार विषय पर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. राजेश छाबड़ा व उनकी टीम अपने व्याख्यान देंगे। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से 2 बजे तक डॉ. ए.के. छाबड़ा व उनकी टीम रबी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के तरीकों पर अपने विचार रखेंगे। दोहपर 2 से 3 बजे तक मेले का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन व मुख्यातिथि शामिल होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार न्यूज | **13.10.2020** | -- | -- |

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का आज ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे सीएम मनोहर लाल



**उद्घाटन समारोह दोपहर 12 बजे, मेले के थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' पर होगा पहले दिन वेबिनार**

**हैलो हिसार न्यूज**

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री रणबीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक श्री कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुडेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं। विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक(किसान परामर्श केंद्र)डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इस वेबिनार में किसान ऑनलाइन रूप से जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वेबिनार होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | **12.10.2020** | -- | -- |

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का आज ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे सीएम

### उद्घाटन समारोह दोपहर 12 बजे, मेले के थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' पर होगा पहले दिन वेबिनार



**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक श्री कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे।

उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुडेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

**पहले दिन मेले के थीम पर होगा वेबिनार :** विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक(किसान परामर्श केंद्र)डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इस वेबिनार में किसान ऑनलाइन रूप से जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वेबिनार होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | **12.10.2020** | -- | -- |

सरसा, सोमवार, 12 अक्तूबर 2020
मॉडर्न-एग्रो
epaper.sachkahoon.com
सच कहूँ 6

# किसान अब घर बैठे एप के माध्यम से बुक कर सकेंगे बीज



सच कहूँ/संदीप सिंहमार

हिसार। चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 13 व 14 अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय वर्चुअल कृषि मेले में जुड़ने के लिए एचएयू की ओर से लिंक जारी कर दिया गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि अब किसान 'एचएयू कृषि मेला डॉट काम' वेबसाइट लिंक के माध्यम से वर्चुअल कृषि मेले से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के चलते प्रतिवर्ष की तरह आयोजित किया जाने वाला कृषि मेला फिजिकली रूप से आयोजित किया जाना संभव नहीं था। इसलिए विश्वविद्यालय ने इस संकट की घड़ी को अवसर में बदलते हुए इस बार वर्चुअल कृषि मेला आयोजित करने का फैसला लिया है ताकि किसानों को किसी प्रकार भी परेशानियों का सामना न करना पड़े और उन्हें हर प्रकार की कृषि संबंधी वैज्ञानिक जानकारी ऑनलाइन घर बैठे मिल सके।

कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने बताया कि किसान एप को कोई भी व्यक्ति गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है। इसके लिए एंड्रॉयड फोन व इंटरनेट की सुविधा होना अनिवार्य है। इस एप के माध्यम से किसान को विश्वविद्यालय में उपलब्ध फसलों व सब्जियों के बीजों की विस्तृत जानकारी मिल सकेगी और किसान उसके बाद तुरंत ऑनलाइन बुक भी कर सकेगा। किसान की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से नजदीकी कृषि विज्ञान केंद्र पर बीज को भेजने की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसान को पैसे व समय की बचत हो सके और किसान को बीज के लिए भटकना न पड़े। इससे सामाजिक दूरी भी बनी रहेगी।



पत्रकारों से बातचीत करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह व साथ में मौजूद विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा व अन्य।

**बीज नजदीकी कृषि विज्ञान केंद्र पर भेजने की होगी व्यवस्था**

- **वर्चुअल कृषि मेले में लांच होगी किसान एप, मेला 13 व 14 अक्तूबर को**
- **कृषि मेले से ऑनलाइन जुड़ने के लिए एचएयू ने जारी किया लिंक**



### फसल अवशेष प्रबंधन होगा मेले का थीम, कई विषयों पर होंगे वेबिनार

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक (किसान परामर्श केंद्र) डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा। इसी प्रकार प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजना मेरा पानी-मेरी विरासत, पराली प्रबंधन, फसल विविधिकरण सहित कई अन्य विषयों पर भी वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। इन वेबिनार से जुड़ने के लिए मेले के दिन वेबसाइट पर लिंक डाला जाएगा।

### फेसबुक व यु-ट्यूब से भी जुड़ सकेंगे किसान

वर्चुअल कृषि मेले का आनंद किसान विश्वविद्यालय के फेसबुक पेज व यु-ट्यूब चैनल से जुड़कर भी ले सकेंगे। इसके अलावा ऑनलाइन रूप से ही ई-कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, जिसमें किसान विश्वविद्यालय के अलावा अन्य क्षेत्रों की आधुनिकतम जानकारी हासिल कर सकेंगे।

### कृषि विज्ञान केंद्रों को भी सौंपी गई जिम्मेदारियां

मेले में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों के इंचार्जों को इसका जिम्मा सौंपा गया है। कृषि विज्ञान केंद्रों के इंचार्ज किसानों के साथ सामाजिक दूरी, मास्क व सैनेटाइजेशन का ध्यान रखते हुए केंद्र पर भी वर्चुअल मेले में किसानों को जोड़ेंगे। इसके अलावा व्हाट्सएप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों के पास मेले का लिंक भेजकर किसानों को जोड़ा जा रहा है। विश्वविद्यालय का मकसद है कि फिजिकली कृषि मेले की तरह किसान वर्चुअल कृषि मेले में भी अधिकाधिक भाग लेकर अपनी कृषि संबंधी जिज्ञासाओं को शांत करें। इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों के पैनल बना दिए गए हैं, जो किसानों की सहायता के लिए मेले के दौरान हर समय ऑनलाइन रहेंगे।

### प्रश्नोत्तरी सत्र में किसान पूछ सकेंगे सवाल

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक (किसान परामर्श केंद्र) डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले के दिन 13 अक्तूबर को सांय 4 से 5 बजे तक किसानों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र रखा गया है। इस दौरान किसान अपनी किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सवाल-जवाब कर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | **13.10.2020** | -- | -- |

**कृषि मेला** करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल के माध्यम से करवा चुके हैं पंजीकरण

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का आगाज आज

■ **ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल**




**हिसार(सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुड़ेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

## पहले दिन मेले के थीम पर होगा वेबिनार

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक(किसान परामर्श केंद्र)डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इस वेबिनार में किसान ऑनलाइन रूप से जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वेबिनार होगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. ए.के. पाण्डेय व उनकी टीम व्याख्यान देगी और सांयकाल 4 से 5 बजे तक किसानों के साथ सवाल-जवाब का कार्यक्रम होगा। इस दौरान डॉ. सुनील ढांडा व डॉ. एचएस सहारन किसानों से रूबरू होंगे। साथ ही किसानों के सवालों के जवाब देने के लिए वैज्ञानिकों का एक पैनल भी मौजूद रहेगा।

## दूसरे दिन ये होंगे कार्यक्रम

मेले के दूसरे दिन प्रातः 10 बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक धान की सीधी बिजाई को लेकर वेबिनार होगा जिसमें डॉ.एसएस पूनिया व उनकी टीम मुख्य रूप से विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दोहपर 12 बजकर 30 मिनट तक पशुओं दुधारू पशुओं में थनैला रोग की रोकथाम व उपचार विषय पर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. राजेश छाबड़ा व उनकी टीम अपने व्याख्यान देंगे। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से 2 बजे तक डॉ. ए.के. छाबड़ा व उनकी टीम रबी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के तरीकों पर अपने विचार रखेंगे। दोहपर 2 से 3 बजे तक मेले का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन व मुख्यातिथि शामिल होंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | **12.10.2020** | -- | -- |



### उद्घाटन समारोह दोपहर 12 बजे, मेले के थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' पर होगा पहले दिन वेबिनार

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का कल ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**पांच बजे न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आरएस हुड्डा ने दी।

उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक श्री कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुडेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

**पहले दिन मेले के थीम पर होगा वेबिनार**

विस्तार शिक्षा निदेशालय के सह-निदेशक(किसान परामर्श केंद्र)डॉ. सुनील ढांडा ने बताया कि मेले का मुख्य थीम 'फसल अवशेष प्रबंधन' होगा, जिसको



लेकर मेले के पहले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इस वेबिनार में किसान ऑनलाइन रूप से जुड़ सकेंगे। इसमें डॉ. राजबीर सिंह गर्ग, डॉ. विजय रानी व डॉ. मुकेश जैन मुख्य वक्ता होंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 से 4 बजे तक पशुओं में बांझपन की समस्या विषय पर वेबिनार होगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. ए.के. पाण्डेय व उनकी टीम व्याख्यान देगी और सांयकाल 4 से 5 बजे तक किसानों के साथ सवाल-जवाब का कार्यक्रम होगा। इस दौरान डॉ. सुनील ढांडा व डॉ. एच.एस. सहारन किसानों से रूबरू होंगे। साथ ही किसानों के सवालों के जवाब देने के लिए वैज्ञानिकों का एक पैनल भी मौजूद रहेगा।

**दूसरे दिन ये होंगे कार्यक्रम**

मेले के दूसरे दिन प्रातः 10 बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक धान की सीधी बिजाई को लेकर वेबिनार होगा जिसमें डॉ.एस.एस.पूनिया व उनकी टीम मुख्य रूप से विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दोहपर 12 बजकर 30 मिनट तक पशुओं दुधारू पशुओं में थनैला रोग की रोकथाम व उपचार विषय पर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. राजेश छाबड़ा व उनकी टीम अपने व्याख्यान देंगे। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से 2 बजे तक डॉ. ए.के. छाबड़ा व उनकी टीम रबी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के तरीकों पर अपने विचार रखेंगे। दोहपर 2 से 3 बजे तक मेले का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन व मुख्यातिथि शामिल होंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल | **12.10.2020** | -- | -- |

# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले का सीएम आज करेंगे उद्घाटन

**पल पल न्यूज: हिसार, 12 अक्टूबर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे जबकि स्थानीय विधायक कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुड़ेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | **12.10.2020** | -- | -- |


# एचएयू के वर्चुअल कृषि मेले में मुख्यातिथि होंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 12 अक्टूबर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 13 व 14 अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय वर्चुअल कृषि मेले के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी मुख्यातिथि होंगे जबकि प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे.पी.दलाल समापन अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य इस वर्चुअल कृषि मेले में अधिक से अधिक किसानों को जोडना है ताकि वे इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक को भी इस संबंध में पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे अपने अधिनस्थ अधिकारियों के माध्यम से इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने बताया कि वर्चुअल मेले के लिए अब तक करीब 21 हजार किसानों ने पंजीकरण करवा लिया है और उम्मीद है कि मेले के दिन तक फिजिकली कृषि मेले में आने वाले किसानों से अधिक संख्या में किसान ऑनलाइन माध्यम से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश व विदेश के किसान इस वर्चुअल कृषि मेले में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से यू-ट्यूब, फेसबुक व ऑनलाइन लिंक से भी जुड़ सकेंगे। इसके लिए 'एचएयू कृषि मेला डॉट काम' लिंक विश्वविद्यालय द्वारा पहले ही जारी किया जा चुका है। इस वर्चुअल कृषि मेले के माध्यम से विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ उन्नत व उत्तम गुणवत्ता वाले विभिन्न फसलों व सब्जियों के बीजों की जानकारी भी मुहैया करवाना है। मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति सदस्य जुटे हुए हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी दिल्ली | **12.10.2020** | -- | -- |


# वर्चुअल कृषि मेले का मुख्यमंत्री आज करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

हिसार, 12 अक्तूबर (राज पराशर): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वर्चुअल कृषि मेले का उद्घाटन मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं मेले के आयोजक डॉ. आरएस हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद होंगे। इस वर्चुअल कृषि मेले के समापन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक इस वर्चुअल कृषि मेले के लिए करीब 25 हजार किसान अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करवा चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्चुअल मेले में फिजिकली रूप से आयोजित किए जाने वाले मेले से अधिक किसान जुड़ेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर करीब 50 हजार से ज्यादा किसान इस मेले को लेकर अभी तक विजिट कर चुके हैं।